विवक रीड

डीबीएस के छात्रों को ट्रेनिंग देगा आईआईपी

देहरादून, 12 जुलाई (ब्यूरो) : डीबीएस पीजी कॉलेज के छात्रों को अब भारतीय पेट्रोलियम संस्थान रोजगारपरक ट्रेनिंग देगा। दोनों संस्थाओं के बीच में इस संबंध में शुक्रवार को एक एमओयू साइन किया गया है। कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर वीसी पांडे ने बताया कि इस अनुबंध के बाद कॉलेज के छात्र आईआईपी में तीन से चार महीने का ट्रेनिंग प्रोग्राम ज्वाइन कर सकेंगे। इससे उनका स्किल डेवलप करने का प्रयास किया जाएगा ताकि भविष्य में छात्रों के लिए रोजगार की संभावनाएं बढ़ सकें। उपप्राचार्य डॉक्टर अनिल पाल ने बताया कि इससे अकादमिक और अनुसंधान के क्षेत्र में गुणवत्ता रोजगारपरक पाठ्यक्रमों को प्रोत्साहन मिलेगा। उन्होंने बताया कि इस वर्ष कॉलेज कई अन्य वैज्ञानिक संस्थाओं के साथ भी इसी तरह के अनुबंध करने जा रहा है। इस अवसर पर भारतीय पेट्रोलियम संस्थान के निदेशक डा. हरेंद्र नेगी, डा.अतुल रंजन, डा. अजय कुमार गुप्ता, राम सुभग आदि उपस्थित रहे।

डीबीएस व आइआइपी रोजगार प्रशिक्षण पर करेंगे संयुक्त कार्य

जागरण संवाददाता, देहरादून : डीबीएस पीजी कालेज और भारतीय पेट्रोलियम संस्थान (आइआइपी) रोजगार प्रशिक्षण, अकादमिक शोध, फैकल्टी डेवलपमेंट जैसे प्रोग्राम पर संयुक्त रूप से काम करेंगे। शुक्रवार को दोनों संस्थान के बीच एमओयू साइन किया गया। समझौता ज्ञापन पर डीबीएस कालेज की ओर से प्राचार्य डा. वीसी पांडेय और आइआइपी की ओर से निदेशक डा. हरेंद्र सिंह नेगी ने हस्ताक्षर किए। प्राचार्य ने बताया कि डीबीएस पीजी कालेज लंबे समय से उच्च शिक्षा का एक बेहतर केंद्र रहा है। यहां शोध कार्य लंबे समय से संचालित किए जा रहे हैं। जबकि, आइआइपी की स्थापना लगातार बढ़ती ऊर्जा क्षेत्र की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए प्रतिस्पर्धी और सतत विकास प्रदान करने के लिए की गई है। इसके अलावा आइआइपी गैर जीवाश्म स्त्रोतों से भी ईंधन और रसायन उपलब्ध कराने के लिए कम लागत वाले पेट्रोलियम पदार्थ विकसित करने के लिए नवीकरण संसाधनों और अपशिष्ट पदार्थों का दोहन के लिए ली गई है। प्राचार्य ने बताया कि दोनों संस्थानों के बीच यह अनुबंध राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत अकादमिक और अनुसंधान के क्षेत्र में गुणवत्ता और रोजगारपरख पाठ्यक्रमों को प्रोत्साहन मिलेगा।

डीबीएस पीजी कालेज व आईआईपी के बीच एमओयू

एमओयू हस्ताक्षर के दौरान कालेज के प्रतिनिधि।

सहारा न्यूज ब्यूरो

देहरादून।

डीबीएस (पीजी) कालेज और भारतीय पेट्रोलियम संस्थान (आईआईपी) के बीच अकादमिक, शोध क्षेत्र, रोजगार प्रशिक्षण एवं फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम, कैपेसिटी बिल्डिंग में संयुक्त रूप से कार्य करने के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। उक्त करार पर डीबीएस पीजी कालेज के प्राचार्य प्रो. वीसी पांडेय एवं आईआईपी के निदेशक डा. हरेंद्र सिंह नेगी ने हस्ताक्षर किए।

नेगी कहा कि इस अनुबंध में महाविद्यालय के छात्रों को तीन से चार माह तक का ट्रेनिंग प्रोग्राम भारतीय पेट्रोलियम संस्थान में कराया जाएगा जो कि उनकी कुशलता में वृद्धि के साथ छात्रों के भविष्य के रोजगार की योजनाएं भी स्थापित करने का प्रयास करेगा एवं उनकी क्षमता का पूर्ण विकास किया जाएगा। डीबीएस पीजी कालेज के प्राचार्य प्रो. वीसी पांडेय ने कहा कि इस करार से राष्ट्रीय शिक्षा नीति में अकादमिक एवं अनुसंधान के क्षेत्र में गुणवत्ता एवं रोजगारपरक पाठ्यक्रमों को प्रोत्साहन मिलेगा, जिसका लाभ महाविद्यालय के छात्रों को प्राप्त होगा। कहा कि आगामी सत्र से देश व प्रदेश के कई शैक्षणिक संस्थानों एवं संस्थाओं से शैक्षणिक तथा शोध अनुबंध किए जा रहे हैं, जो कि शिक्षा एवं कौशल विकास के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करेगा।

उप प्राचार्य प्रो. अनिल पाल ने कहा कि भारतीय पेट्रोलियम संस्थान के साथ हुआ अनुबंध प्रदेश के उच्च शिक्षा एवं कौशलपरक शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अनुबंध में शोध, शिक्षण, प्रशिक्षण, संयुक्त रूप से सेमिनार, सम्मेलन, कार्यशाला कराने, फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम, कैपेसिटी बिल्डिंग शामिल है।

इस मौके पर पेट्रोलियम संस्थान के डा. अतुल रंजन प्रभारी व्यापार विकास विभाग, डा. अजय कुमार गुप्ता प्रभारी प्रशिक्षण और डीबीएस पीजी कालेज के राम सुभग मौजूद रहे।

यह परीक्षा देहरादून शहर में 87, विकासनगर में 17 तथा ऋषिकेश में 17 परीक्षा केंद्रों पर होनी है। इसके लिए 121 सेक्टर मजिस्ट्रेट बनाए गए हैं। संवाद

डीबीएस और पेट्रोलियम संस्थान के बीच करार

देहरादून। डीबीएस पीजी कॉलेज देहरादून एवं भारतीय पेट्रोलियम संस्थान (आईआईपी) के बीच अकादमिक, शोध एवं फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम में संयुक्त रूप से कार्य करने के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर किया गया। करार पर कॉलेज प्राचार्य प्रो. वीसी पांडेय एवं संस्थान के निदेशक डॉ. हरेंद्र सिंह नेगी ने हस्ताक्षर किए। डॉ. हरेंद्र सिंह ने कहा कि कॉलेज के छात्रों का तीन से चार महीने तक का प्रशिक्षण पेट्रोलियम संस्थान में कराया जाएगा। वहीं प्राचार्य प्रो. वीसी पांडेय ने कहा कि अनुबंध से राष्ट्रीय शिक्षा नीति में अकादमिक एवं अनुसंधान के क्षेत्र में गुणवत्ता एवं रोजगारपरक पाठ्यक्रमों को प्रोत्साहन मिलेगा। जिसका लाभ महाविद्यालय के छात्रों को मिलेगा। संवाद

एनसीसी कैंप में सांस्कृतिक कार्यक्रमों से बांधा समा

देहरादून। उत्तराखंड की 29वीं एनसीसी बटालियन के